06/07/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

संसद का बजट सत्र इस महीने की बाईस तारीख से शुरू होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि बजट सत्र बारह अगस्त तक चलेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट दो हजार चौबीस-पच्चीस लोकसभा में तेईस जुलाई को पेश किया जाएगा। श्री रिजिजू ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बजट सत्र के लिए दोनों सदनों का सत्र बुलाने के प्रस्ताव की केन्द्र सरकार की सिफारिश का अनुमोदन कर दिया है।

0000000000000000

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार अगले पांच वर्षों में लगभग दो लाख ग्राम पंचायतों में मल्टी-पर्पज प्राईमरी एग्रीकल्चरल क्रेडिट सोसायटी- पैक्स की स्थापना करेगी। इन पैक्स की स्थापना उन ग्राम पंचायतों में की जाएगी जो अभी तक कोआपरेटिव सेक्टर से बाहर है। श्री शाह ने एक सौ दो वें अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर गांधी नगर के महात्मा मंदिर में आयोजित सहकार से समृद्धि कार्यक्रम के दौरान ये घोषणा की। सहकारी समितियों के बीच आर्थिक सहयोग पर जोर देते हुए श्री शाह ने सहकारी बैंक नेटवर्क को मजबूत करने के लिए सभी जिला और राज्य सहकारी समितियों से वित्तीय लेनदेन केवल सहकारी बैंकों में ही करने का आग्रह किया।

सहकारी क्षेत्र के सशक्तिकरण के लिए केंद्र सरकार की कई पहलों के बारे में बात करते हुए श्री शाह ने समितियों को व्यवहारिक बनाने के लिए सहकारी नेटवर्क के विस्तार पर जोर दिया।

0000000000000000

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय देशभर में स्टॉप डायरिया अभियान चला रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने बताया कि स्टॉप डायरिया अभियान का उद्देश्य बचपन में होने वाली डायरिया से बच्चों की मृत्यु को शून्य करना है। इसमें पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को दो ओआरएस पैकेट और जिंक की को-पैकेजिंग के साथ दो महीने का अभियान शामिल है। स्टॉप डायरिया अभियान 2024 की थीम "डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान" है, जो रोकथाम, स्वच्छता और उचित उपचार के महत्व पर जोर देता है। 0000000000000000

लोअर दिबांग वैली की जिला उपायुक्त सौम्या सौरभ ने शुक्रवार को जिला उपायुक्त सभागार रोईंग में विभागीय प्रमुखों की मौजूदगी में जल जीवन मिशन के तहत 'स्टॉप डायरिया कैंपेन' का शुभारंभ किया। 'डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओ.आर.एस से रखें अपना ध्यान' की थीम पर दो महीने के इस अभियान का लक्ष्य बचपन में होने वाली डायरिया से बच्चों की मृत्यु को शून्य करना है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से इस अभियान को मिशन मॉड में लागू करने का आह्वान किया।

0000000000000000

नीट- पीजी परीक्षा ग्यारह अगस्त को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। छात्रों के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ऐसा किया जा रहा है। नीट- पीजी 2024 में उपस्थित होने की पात्रता के लिए कट-ऑफ तिथि पंद्रह अगस्त दो हजार चौबीस ही रहेगी। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने छात्रों से जालसाजों के झांसे में न आने की अपील की है।        0000000000000000

आज तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा का नवासीवां जन्मदिन है। उनका जन्म पूर्वोत्तर तिब्बत के तक्तेसेर क्षेत्र में छह जुलाई उन्नीस सौ पैतीस में जन्म हुआ था। वह एक साधारण किसान परिवार में जन्मे थे। उन्होंने छह साल की उम्र से शुरूआती शिक्षा शुरू की थी।  उनकी शिक्षा-दीक्षा का प्रबंध कुंबुम मठ में किया गया था और वहीं साल उन्नीस सौ उनचास में तेईस साल की उम्र में उन्होंने जोखांग मंदिर, ल्हासा में अपनी फाइनल परीक्षा दी।

दलाई लामा ने यह परीक्षा ऑनर्स के साथ पास की। फिर उनको बौद्ध दर्शन में पीएचडी प्रदान की गई। इकतीस मार्च उन्नीस सौ उनसठ में दलाई लामा को तिब्बत छोड़कर भारत में शरण लेनी पडी। तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा के जन्म दिन के अवसर पर मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने आज तवांग मॉनेस्ट्री में पूजा-अर्चना की। उन्होंने उर्गेलिंग में पौधारोपण किया। अपने एक ट्वीट में मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह पौधा दलाई लामा की शांति, प्रेम और पर्यावरण संरक्षण के संदेश का प्रतीक है।        0000000000000000

अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के परिसर में चौदहवें दलाई लामा के नवासींवे जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर लगाया गया। अरुणाचल विधानसभा सचिवालय और अरुणाचल लाईफ सेविंग फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रुप से आयोजित इस रक्तदान शिविर सरकारी अधिकारियों, एन डी आर एफ, सी आर पी एफ, पुलिस कर्मियों और विभिन्न संगठनों के वालंटियर्स ने रक्तदान किया और बहुमूल्य मानव जीवन की रक्षा के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। विधानसभा अध्यक्ष तेसाम पोंग्ते, उपाध्यक्ष कार्दो न्यिग्योर और वरिष्ठ भाजपा नेता ताई तागक ने तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा के जन्म दिन पर रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। 0000000000000000

मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की। दोनों नेताओं ने आइजोल शहर के बीचोबीच स्थित असम राइफल्स के शिविर को जोखावतर स्थित नये शिविर में स्थानांतरित करने पर चर्चा की। यह शिविर आइजोल शहर से दस किलोमीटर दूर है। दोनों नेताओं ने राज्य सरकार के प्रमुख कार्यक्रम **बाना कैह-सहयोग नीति** पर चर्चा की। इसका उद्देश्य राज्य में उद्यमियों को वित्तीय सहायता और प्रोत्साहन देना है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को बांग्लादेश से आए शरणार्थी जो जातीय समूह बाम के बारे में भी अवगत कराया।

0000000000000000

मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में लामडेंग माखा लेकाई क्षेत्र में आज 75वां राज्य स्तरीय वन महोत्सव मनाया गया। राज्य के वन और पर्यावरण मंत्री **थोन्गम विश्वजीत सिंह** के नेतृत्व में अन्य लोगों ने वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें तकरीबन दो हजार पौधे रोपे गए। यह महोत्सव **एक पेड-मां के नाम पे** अभियान के अंतर्गत मनाया गया और इसमें छात्रों ने अपनी माताओं के साथ पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली की शपथ ली। इस अवसर पर **अपने वृक्ष को जाने** अभियान भी शुरू किया गया। 0000000000000000

नेशनल कैडेट क्योरुगी एण्ड पूम्साई ताईक्वांडो चैंपियनशिप आगामी दो अगस्त से चार अगस्त तक आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित होंगे। जबकि नेशनल जूनियर क्योरुगी और नेशनल जूनियर पूम्साई ताईक्वांडो चैंपियनिशप अट्ठारह अगस्त से बीस अगस्त तक महाराष्ट्र में आयोजित होंगे। अरुणाचल ताईक्वांडो एसोसिएशन ने इन प्रतियोगिताओं के लिए राज्य की टीम के चयन के लिए आज ईटानगर राजधानी क्षेत्र के निरजुलि में शिविर लगाया, जिसमें राज्यभर के सत्तर एथलीट्स ने हिस्सा लिया।

0000000000000000